तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन के प्रस्तावित 2021 के  बजट का उद्देश्य समुदाय की मदद करना व इसे मज़बूत बनाना है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 नवंबर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का प्रस्तावित 2021 का  बजट (Proposed 2021 Budget) अब ऑनलाइन www.brampton.ca/budget पर उपलब्ध है। प्रस्तावित 2021 के  बजट का उद्देश्य, कोविड-19 (COVID-19) महामारी के दौरान ब्रैम्पटन के समुदाय की मदद करना और भविष्य की वृद्धि, कनेक्टिविटी और स्थिरता के लिए हमारी सिटी को मज़बूत बनाना जारी रखना है।

बजट संबंधी चर्चाएं, 23 नवंबर वाले सप्ताह में शुरू होंगी। अंतिम बजट मंज़ूरी 9 दिसम्बर को शाम 7 बजे होगी।

सिटी, प्रस्तावित 2021 के  बजट के बारे में जनता की समीक्षा और सुझावों का स्वागत करती है। बजट कमेटी (Budget Committee) की मीटिंग्स के लिए मुख्य तारीखों की पूरी सूची, बजट की विशिष्टताएं और पूरा बजट प्रस्ताव, www.brampton.ca/budget पर पोस्ट किए गए हैं।

सिटी के मौजूदा प्रोग्राम और सेवाएं प्रदान करने के लिए, इंफ्रास्ट्रक्चर कायम रखने और भविष्य की वृद्धि के लिए तैयारी हेतु, बजट कमेटी को सिटी का प्रस्ताव है कि वह प्रॉपर्टी टैक्स में 0.9% की वृद्धि करे। यदि इसे मंज़ूर किया जाता है, तो 2021 के प्रॉपर्टी टैक्स बिल में, सिटी की सेवाओं के लिए 0.9% की, रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के लिए 1.4% की और स्कूल बोर्डों (School Boards) के लिए 0% की प्रॉपर्टी टैक्स वृद्धि दिखाई देगी।

कुल प्रॉपर्टी टैक्स वृद्धि, प्रति परिवार औसतन 120 डॉलर होगी।

बजट चर्चाओं के दौरान, कमेटी अतिरिक्त बचतों या निवेश के लिए संभावनाओं की समीक्षा कर सकती है।

**2021 के प्रस्तावित बजट की विशिष्टताएं**

- ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit) के लिए आठ रिप्लेसमेंट बसें और फ्लीट की विश्वसनीयता और कनेक्टिविटी कायम रखने के लिए 40 नए ट्रांज़िट शेल्टर
- हमारे समुदाय की ग्रीनहाउस गैस निकासियों को कम करने और एक स्थिर शहर के तौर पर आगे बढ़ने के लिए, ब्रैम्पटन ट्रांजिट के लिए आठ इलेक्ट्रिक बसें और चार ओवरहेड चार्जर
- हमारे ट्रांज़िट सिस्टम में भविष्य की वृद्धि को पूरा करने के लिए, देखभाल और स्टोरेज वाली तीसरी ट्रांज़िट फैसिलिटी के लिए 175 मिलियन डॉलर
- सड़कों, पुलों और पगडंडियों सहित, कैपिटल वर्क्स (Capital Works) प्रोजेक्टों के लिए 31 मिलियन डॉलर
- फायर कम्युनिटी सेफ्टी (Fire Community Safety) प्रोग्राम, आग बुझाने के उपकरणों की समय पर रिप्लेसमेंट; अधिक भरोसेमंद प्रतिक्रिया फोर्स के लिए फायर स्टेशन का पुनर्निमाण

- एक नई सुलभ बेसबॉल डायमंड के साथ क्रियाशील जीवनशैली को प्रोत्साहित करना, क्रिकेट फील्ड के विस्तार, पूरा वर्ष ट्रेनिंग संबंधी पहुंच के लिए ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर (Brampton Soccer Centre) में एक नया स्पोर्ट्स गुम्बद (डोम) और रेक्रिएशन संबंधी पांच सेंटर्स को पुनः शक्तिशाली बनाना
- रिवरवॉक (Riverwalk) प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना, जो शहरी वृद्धि, पब्लिक ट्रांज़िट और आर्थिक विकास के लिए मुख्य स्रोत है
- बी-हाइव (B-Hive) के लिए 2.1 मिलियन डॉलर, यह एक इनक्यूबेटर पहलकदमी है, जहां अंतर्राष्ट्रीय उद्यमी जुड़, सहयोग कर सकते हैं और कैनेडा (Canada) में अपना नया कारोबार शुरू करने संबंधी अनुभव साझे कर सकते हैं
- डाउनटाउन ब्रैम्पटन में अल्गोमा यूनिवर्सिटी (Algoma University) के क्षेत्र और कोर्स पेशकशों का विस्तार करने के लिए 2.4 मिलियन डॉलर
- सस्टेनेबल कार्पोरेट फ्लीट स्ट्रैटजी (Sustainable Corporate Fleet Strategy) और अफोर्डेबल हाउसिंग स्ट्रैटजी (Affordable Housing Strategy) विकसित करना
- ऑटोमेटिड स्पीड कार्यान्वयन सहित, सक्रिय ट्रांस्पोर्टेशन और सड़क संबंधी सुरक्षा के लिए तकनीकों में सुधार करना
- ब्रैम्पटन एंटरप्रीनियर सेंटर (Brampton Entrepreneur Centre), रोजर्स साइबरसिक्योर कैटालिस्ट (Rogers Cybersecure Catalyst), रायरसन वेंचर ज़ोन (Ryerson Venture Zone), रिसर्च इनोवेशन (Research Innovation) और कमर्शियलाईज़ेशन सेंटर (Commercialization Centre) में प्रोग्रामिंग के द्वारा, डाउनटाउन ब्रैम्पटन में इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट (Innovation District) को मज़बूत बनाना
- वन मिलियन ट्रीज (One Million Trees) प्रोग्राम के हिस्से के तौर पर 50,000 पेड़ लगाना

**अपनी राय दें**

नीचे दिया गया है कि निवासी, कारोबारी और स्टेकहोल्डर, किस प्रकार प्रस्तावित बजट की समीक्षा कर सकते हैं और अपना फीडबैक दे सकते हैं।

- **ईमेल भेजें**: budget@brampton.ca पर सवाल पूछें अथवा टिप्पणी दें।
- **फोन करें**: अपना सुझाव देने के लिए 311 पर फोन करें।
- **टेलीफोन टाउन हॉल से जुड़ें**: 12 नवंबर को शाम 6:30 से रात 8 बजे तक टेलीफोन टाउन हॉल (Telephone Town Hall) में हिस्सा लें, जहां चुनिंदा फोन नंबरों पर कॉल्स की जाएंगी। कॉल सूची में अपना फोन नंबर शामिल करने के लिए, 9 नवंबर तक सिटी की वेबसाइट पर साइन अप करें (sign up on the City website)।
- **ऑनलाइन प्रतिनिधित्व करें**: बजट कमेटी अथवा बजट मंज़ूरी काउंसिल मीटिंग में बोलने के लिए प्रतिनिधि मंडल अनुरोध (delegation request) दाखिल करें।
- **बजट कमेटी की मीटिंग्स में शामिल हों**: निवेदन करने के लिए सिटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन फार्म (online form) पूरा करें।

**हवाले**

“महामारी के दौरान, 2021 के प्रस्तावित बजट के आने से, हमें मौजूद साधनों को नया रूप देने और संचालन संबंधी कुशलता के द्वारा, हमारे समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने और आर्थिक बहाली के लिए नए दृष्टिकोण मिले हैं। महामारी के दौरान,

हमारे लिए महत्वपूर्ण सामुदायिक मदद और टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटीज, दोनों पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है, ताकि हमारे समुदाय में सफलता को जारी रखा जा सके। सिटी, इस महत्वपूर्ण सिटी-निर्माण वाली प्रक्रिया में, स्पष्ट और पारदर्शी बजट चर्चाएं करने के लिए प्रतिबद्ध है और ब्रैम्पटन के निवासियों को सुझाव देने की सलाह देती है।"

– *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन की वृद्धि को सबसे ऊपर रखते हुए, हम लगातार हमारे निवासियों और कारोबारियों की जरूरत वाली सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और उनमें सुधार कर रहे हैं। 2021 का प्रस्तावित बजट, हमारे मूल बजट में कुल कटौती पेश करता है, जबकि हम, इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांज़िट की फीस के द्वारा, ब्रैम्पटन के भविष्य में निवेश करना जारी रख रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ब्रैम्पटन एक अच्छी तरह से संचालित शहर है, हम लगातार हमारी सिटी की सेवा डिलीवरी पद्धतियों का मूल्यांकन कर रहे हैं।"

– *मार्क मेडेइरोस (Mark Medeiros), एक्टिंग ट्रेजरर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca